बीते चरणों में ज़िंदगानी | by Anjali Dwivedi

सारी दुनिया घूम लिया हूँ मैंने परखे रिश्ते सारे
झूठा दिखावा चकाचोंध सब फीके हैं सारे नज़ारे

बीते चरणों में ये ज़िंदगानी यही है अरदास सांवरे
जुडी रहे मेरी तुमसे कहानी यही है अरदास सांवरे
बीते चरणों में ये ज़िंदगानी ....

दुनिया का बनके देखा मिली रुस्वाई है
सब कुछ गंवा के मुझे समझ ये आई है
देदो प्रेम की हमें भी निशानी यही है अरदास सांवरे
जुडी रहे मेरी तुमसे कहानी यही है अरदास सांवरे
बीते चरणों में ये ज़िंदगानी ....

थक सा गया हूँ मैं तो अपने करम से
अब तो उठा है पर्दा झूठ भरम से
भुला दो ना प्रभु मेरी नादांनी यही है अरदास सांवरे
जुडी रहे मेरी तुमसे कहानी यही है अरदास सांवरे
बीते चरणों में ये ज़िंदगानी ....

दिल में उमंग तेरी होंठों पे नाम है
कहता है मोहित तुझमे बसी मेरी जान है
यूँ ही बनी रहे तेरी मेहेरबानी यही है अरदास सांवरे
बीते चरणों में ये ज़िंदगानी ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%80%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-an/